चरण छः, कार्यक्रम 01
एकदिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला
अनुदेशनात्मक उद्देश्यों का लेखन
(Writing of Instructional Objectives)
29 अप्रैल, 2022

संक्षिप्त प्रतिवेदन

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की बहुआयामी परियोजना **पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण मिशन** के अंतर्गत **श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली** (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) में स्थापित **शिक्षण अधिगम केन्द्र** द्वारा छठे चरण के कार्यक्रमों में **'अनुदेशनात्मक उद्देश्यों का लेखन'** विषय पर प्रथम एकदिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन दिनांक 29 अप्रैल, 2022 को किया गया। इस कार्यशाला के मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को अनुदेशनात्मक उद्देश्य लेखन प्रक्रिया से अवगत कराना, ब्लूम वर्गीकरण से परिचय, स्तरानुसार अनुदेशनात्मक उद्देश्य लेखन सिखाना इत्यादि रहे। कार्यशाला का उद्घाटन श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के माननीय कुलपति **प्रो. मुरलीमनोहर पाठक** महोदय जी की अध्यक्षता में गूगल मीट के मंच पर किया गया। शिक्षण अधिगम केन्द्र की निदेशक **प्रो. अमिता पाण्डेय भारद्वाज** जी द्वारा स्वागत भाषण एवं कार्यशाला सन्दर्भ प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला का क्रियान्वयन्न विशिष्ट रूप से अभिकल्पित 4 सत्रों यथा- उद्घाटन, 2 तकनीकी सत्र एवं समापन सत्र सहित किया गया। इस कार्यशाला में 130 प्रतिभागियों ने पंजीकरण किया जिनमें से 130 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया और सफलतापूर्वक कार्यशाला पूर्ण की। श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के 08 विभागों से 130 प्रतिभागी यथा- शिक्षा से 114, व्याकरण से 01, धर्मशास्त्र से 01, ज्योतिष से 01, वास्तुशास्त्र से 04, साहित्य से 07, विशिष्टाद्वैत से 01 और जैन दर्शन से 01 रहे। अभिकल्पित तकनीकी सत्रों का संचालन शिक्षाशास्त्र में निष्णात एवं अनुदेशनात्मक उद्देश्यों के लेखन का अधिगम कराने में दक्ष श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के शिक्षापीठ की आचार्य एवं शिक्षण अधिगम केन्द्र की निदेशक **प्रो. अमिता पाण्डेय भारद्वाज** जी के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। इन सत्रों के विषय अनुदेशनात्मक उद्देश्य एवं ब्लूम वर्गीकरण तथा स्तरानुसार अनुदेशनात्मक उद्देश्य लेखन रहे। अंत में प्रस्तुत व्याख्यानों की गुणवत्ता के बारे में ऑनलाइन प्रतिपुष्टि चार श्रेणियों यथा- **उत्कृष्ट, अति उत्तम, उत्तम एवं संतोषजनक** में प्राप्त की गई और उनका औसत 73%, 22%, 02%, एवं 03% क्रमशः श्रेणियों में प्राप्त किया गया। इसके साथ ही कार्यशाला के संदर्भ में आंनलाइन प्रतिपुष्टि 05 बिंदुओं की पाँच श्रेणियों में ली गई यथा- **उत्कृष्ट, अति उत्तम, उत्तम संतोषजनक एवं असंतोषजनक**। इन 05 बिन्दुओं की श्रेणियों में प्राप्त औसत प्रतिशत 66% उत्कृष्ट, 25% अति उत्तम, 08% उत्तम, 01% संतोषजनक एवं 00% असंतोषजनक रहा। समापन सत्र में निदेशक द्वारा स्वागत भाषण एवं कार्यशाला प्रतिवेदन दिया गया। तत्पश्चात् श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के शिक्षापीठ के विख्यात आचार्य **प्रो. रमेश प्रसाद पाठक** जी द्वारा अध्यक्षीय भाषण दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला समापनोपरान्त सफल प्रतिभागियों को ई-प्रमाणपत्र एवं एवं ई-चित्रावली मेल द्वारा प्रेषित किये गए।